11/05/2026

आकाशवाणी ईटानगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि सोमनाथ अटल और शाश्वत रूप से खड़ा है तथा यह देश के सभ्यतागत साहस और अखंड आस्था को प्रदर्शित करता है। श्री मोदी ने आज गुजरात में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के उद्‌घाटन के पिचहत्तर वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लिया। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि पवित्र सोमनाथ मंदिर पर लहराता ध्वज भारत की आस्था की विजय का प्रतीक है तथा करोड़ों भारतीयों की सामूहिक चेतना की दिव्य उद्‌घोषणा भी है।

000000000000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांदू ने आज नाहरलागुन स्थित तोमो रिबा इंस्टीट्यूट ऑफ हेल्थ एंड मेडिकल साइंसेज - TRIHMS के कार्डियोलॉजी विभाग को अरुणाचल प्रदेश में पहली बार सफलतापूर्वक **Percutaneous Trans-luminal Coronary Angio-plasty (PTCA) with Intra-vascular Litho-tripsy (IVL)** प्रक्रिया संपन्न करने पर बधाई दी। यह जटिल ट्रिपल वेसल कोरोनरी आर्टरी डिजीज तथा भारी कैल्शियम जमाव से पीड़ित एक मरीज पर किया गया। मुख्यमंत्री ने इसे अरुणाचल प्रदेश की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि TRIHMS में नियमित

Angioplasty प्रक्रियाएँ पहले से ही सफलतापूर्वक की जा रही हैं और अब तक एक हजार से अधिक सफल मामले पूरे किए जा चुके हैं। हालांकि, यह प्रक्रिया अत्यंत दुर्लभ और जटिल तथा राज्य में अपनी तरह की पहली प्रक्रिया रही।

0000000000000000000000000

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में जिला प्रशासन तथा कला एवं संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आज लोअर सुबनसिरी ज़िले के जीरो के कार्दो स्थित श्री सिद्धेश्वर नाथ शिवलिंग स्थल पर सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया गया। समारोह में राज्य के सांस्कृतिक मामलों की मंत्री दासांगलु पुल, मुख्य सूचना आयुक्त जारकेन गामलिन सहित अन्य उपस्थित रहें। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण गुजरात के सोमनाथ में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रहा।

0000000000000000000000000

अरुणाचल प्रशासनिक सुधार आयोग के सदस्य हेंतो कारगा ने आज अपर सियाङ ज़िले के यिंगक्योंग स्थित उपायुक्त कार्यालय सम्मेलन कक्ष में एक बैठक आयोजित की। बैठक में प्रशासनिक सुधारों तथा जिले में सुशासन और जनसेवा वितरण में सुधार के उपायों पर विचार-विमर्श किया गया।

सभा को संबोधित करते हुए श्री कार्गा ने आयोग के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तीव्र तकनीकी प्रगति के बावजूद राज्य अब भी प्रशासनिक दक्षता और सेवा वितरण से संबंधित चुनौतियों का सामना कर रहा है।

0000000000000000000000000

तवांग उपायुक्त नामग्याल आंगमो ने आज जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित कर तवांग जिले में विकासात्मक परियोजनाओं की प्रगति और उपलब्धियों की समीक्षा की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की तथा कार्यान्वयन विभागों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाएं आवश्यक बुनियादी सुविधाओं सहित सभी दृष्टियों से पूर्ण की जाएं।

0000000000000000000000000

राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत खोंसा स्थित राम कृष्ण मिशन के दो पूर्व छात्र-छात्राओं, सोनाली देबरॉय एवं इंजीनियर रोइकिम ताइकाम ने आज ग्यारह टीबी रोगियों को गोद लिया है। निक्षय मित्र पहल के अंतर्गत जनरल हॉस्पिटल खोंसा में गोद लिए गए रोगियों को खाद्य सामग्री की टोकरी भी वितरित की गई। इस बीच जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी. रातान ने राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम और स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोनाली देबरॉय और

इंजीनियर रोइकिम ताइकाम को निक्षय मित्र पहल के माध्यम से टीबी रोगियों को सहयोग और प्रोत्साहन देने के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया।

0000000000000000000000000

पृथ्वी विज्ञान एवं हिमालय अध्ययन केंद्र ने राष्ट्रीय ध्रुवीय और महासागर अनुसंधान केंद्र तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (नेरिस्ट) के सहयोग से तवांग जिले के अंतरराष्ट्रीय सीमा क्षेत्र स्थित मागो चू बेसिन में पांचवें खांगरी ग्लेशियर अभियान को सफलतापूर्वक सम्पन्न किया है। यह क्षेत्र व्यापक ब्रह्मपुत्र बेसिन प्रणाली का एक महत्वपूर्ण उद्गम क्षेत्र है। वैज्ञानिक अभियान गत चार मई को आरंभ हुआ था, जिसका उद्देश्य पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में ग्लेशियरों के स्वास्थ्य का विस्तृत आकलन, हिममंडलीय निगरानी तथा जलवायु से संबंधित खतरों की जांच करना था।

0000000000000000000000000

लोअर सुबनसिरी जिला पुलिस तथा गालो वेलफेयर सोसायटी, जीरो इकाई ने आज संयुक्त रूप से ग्याती ताक्का जोनल जनरल हॉस्पिटल, जीरो के ब्लड सेंटर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया।

यह पहल जीडब्ल्यूएस जीरो इकाई के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय डॉ. मिंगे लोयी की सातवीं पुण्यतिथि के सम्मान में आयोजित पैन अरुणाचल स्वैच्छिक रक्तदान कार्यक्रम का हिस्सा थी।

000000000000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश के लेपरादा जिले की दाक्यिर बासार ने रूपा स्थित वांगदी इंडोर स्टेडियम में आयोजित अंडर-42 केजी जूनियर महिला ताइक्वांडो क्योरुगी वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसके साथ ही उन्हें प्रतियोगिता के सर्वोच्च व्यक्तिगत सम्मान **'बेस्ट क्योरुगी फीमेल एथलीट'** से भी सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि पर विधायक न्याबी जिनि दिर्ची ने सोशल मीडिया पोस्ट में दाक्यिर को बधाई देते हुए कहा कि उन्होंने एक बार फिर लेपरादा जिले सहित पूरे अरुणाचल प्रदेश का नाम रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि पिछले वर्ष दक्यिर बासार ने राष्ट्रीय स्तर पर अरुणाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया था।

0000000000000000000000000